सनएडिसन, इंक. (SunEdison, Inc.)
सितम्बर 2013
विदेश भ्रष्टाचार-विरोधी नीति

<u>नीति का वक्तव्य।</u> यह कंपनी की नीति है कि कंपनी, इसकी सभी सहायक कंपनियाँ और संबद्ध और इसके या उनके कोई भी अधिकारी, प्रबंधक, और कंपनी या इसकी और उनकी किसी भी सहायक कंपनियों या संबद्धों के कर्मचारी, और सभी व्यक्ति या सत्त्व जो कंपनी या इसकी किसी भी सहायक कंपनी या संबद्धों के किसी प्रतिनिधि या सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं, 1977 के संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश भ्रष्ट आचरण अधिनियम ("(FCPA)"), यथा संशोधित, के सभी लागू प्रावधानों; अंतर्राष्ट्रीय व्यापार लेन-देन में विदेश सार्वजनिक अधिकारियों की रिश्वतखोरी से लड़ने के लिए आर्थिक सहयोग और विकास संगठन सम्मेलन [(ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकॉनोमिक कोऑपरेशन एण्ड डिवलपमेंट कन्वेंशन कंबैटिंग ब्राईबरी ऑफ फॉरेन पब्लिक ऑफिशियल्स इन इंटरनेशनल बिजनेस ट्रांजेक्शन्स) ("OECD Convention")] में निर्दिष्ट सिद्धांतों; यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियमों, और कंपनी पर लागू अन्य सभी भ्रष्टाचार-विरोधी और / या कंपनी के लिए लागू रिश्वतखोरी-विरोधी कानूनों (चाहे इसके निगमन के क्षेत्राधिकार की हैसियत से हो अथवा इसके व्यापार ऑपरेशन के संचालन की हैसियत से हो); का पूरी तरह से पालन करेंगे। इस नीति में, कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों और संबद्धों को सामूहिक रूप से "कंपनी" के रूप में संदर्भित किया जाता है।

<u>पॉलिसी मैनुअल।</u> कंपनी प्रबंधन इस नीति के कार्यान्वयन और प्रवर्तन पर विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक <u>विदेश भ्रष्टाचार-विरोधी अनुपालन कार्यक्रम और मैनुअल</u> ("मैनुअल") तैयार करेगा और बनाए रखेगा। मैनुअल उन सभी कर्मचारियों और प्रतिनिधियों को वितरित किया जाएगा जो कंपनी के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार या संचालनों में संलग्न हैं, इसके कानून विभाग के सदस्य हैं, जिनका कंपनी के किसी भी कोष पर नियंत्रण है, या कंपनी की बहियों और अभिलेखों को प्रभावित करने वाले लेनदेन को रिकॉर्ड करने का उत्तरदायित्व है।

<u>नीति का प्रशासन</u>। कंपनी के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति, कंपनी के जनरल काउंसल और कंपनी के अनुपालन कर्मियों द्वारा नीति प्रशासित की जाएगी। उन व्यक्तियों के लिए संपर्क जानकारी मैनुअल में उपलब्ध कराई जाएगी।

<u>एफ़सीपीए (FCPA) की अपेक्षाएँ।</u> एफ़सीपीए (FCPA) की दो बुनियादी अपेक्षाएँ हैं जिन्हें संक्षेप में नीचे दिया गया है :

एफ़सीपीए (FCPA) द्वारा आवृत व्यक्ति और सत्त्व किसी भी विदेशी अधिकारी, विदेशी राजनीतिक पार्टी या पार्टी के अधिकारी या किसी विदेशी राजनीतिक कार्यालय के लिए किसी उम्मीदवार ("विदेशी आधिकारी") को भ्रष्ट तरीके से भुगतान, भुगतान का प्रस्ताव नहीं कर सकते हैं या मूल्य की कोई चीज नहीं दे सकते हैं। कोई भुगतान या प्रस्ताव भ्रष्ट है यदि यह एफ़सीपीए (FCPA) द्वारा निषिद्ध आचरण पैदा करने के इरादे से जानबूझकर और स्वेच्छा से किया जाता है। "विदेशी आधिकारी" का अर्थ किसी भी विदेशी सरकार, किसी सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन या इसके किसी विभाग या इसकी एजेंसी का कोई अधिकारी या कर्मचारी, ऐसी सरकार या संगठन के लिए किसी आधिकारिक क्षमता में कार्य करने वाला कोई व्यक्ति है। इसमें किसी राज्य-के-स्वामित्व वाले, राज्य-नियंत्रित, या राज्य-द्वारा-संचालित उद्यम का कर्मचारी शामिल है। आधिकारिक कार्य या निर्णय को प्रभावित करने के लिए किसी भी पूर्वगामी विदेशी अधिकारी को मूल्य की किसी चीज का प्रस्ताव या वादा या भुगतान करने पर एफ़सीपीए (FCPA) प्रतिबंध लगाता है जो आवृत व्यक्ति या सत्त्व को व्यापार प्राप्त करने या बनाए रखने या किसी अन्य व्यक्ति या सत्त्व को व्यापार निर्देशित करने में सहायता करेगा।

अमेरिकी एक्सचेंजों पर ट्रेड की जाने वाली अमेरिकन डिपॉजिटरी रसीदों (ADR) वाली विदेशी कंपनियों सहित उन सत्त्वों से, जिनकी प्रतिभूतियाँ अमेरिकी बाजारों में सार्वजनिक रूप से ट्रेड की जाती हैं, उचित विवरण के साथ परिशुद्ध बहियाँ और रिकॉर्ड बनाने और रखने और आंतरिक नियंत्रणों की एक उचित प्रणाली बनाए रखने की अपेक्षा की जाती हैं। भुगतान के आकार या प्रकार की परवाह किए बिना, और इस बात की परवाह किए बिना कि क्या भुगतान विदेशी अधिकारियों से संबंधित हैं, रिकार्ड-कीपिंग और लेखांकन के प्रावधान सभी भुगतानों पर लागू होते हैं।

<u>एफ़सीपीए (FCPA) और अन्य कानूनों की प्रयोजनीयता।</u> संयुक्त राज्य अमेरिका में संगठित और अमेरिकी बाजारों में से एक पर सार्वजनिक रूप से ट्रेड की जाने वाली कंपनी के रूप में, सनएडिसन (SunEdison), इंक., न केवल अपनी स्वयं की बल्कि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी सत्त्वों जिन्हें यह नियंत्रित करता है में से किसी की भी गतिविधियों के संबंध में भी एफ़सीपीए (FCPA) की सभी अपेक्षाओं के अधीन है। एफ़सीपीए (FCPA) कंपनी के अधिकारियों, प्रबंधकों, और कर्मचारियों पर; उन सत्त्वों के अधिकारियों, प्रबंधकों, और संस्थाओं के कर्मचारियों पर जिन्हें कंपनी नियंत्रित करती है; और कंपनी की ओर से कार्य करने वाले अन्य व्यक्तियों या सत्त्वों द्वारा जिन्हें यह नियंत्रित करती है कंपनी के ज्ञान के साथ की गई किसी भी कार्रवाई पर; लागू होता है। इसके अलावा, कंपनी द्वारा नियोजित या कंपनी की ओर से संचालन करने वाले अमेरिकी व्यक्ति एफ़सीपीए (FCPA) के अधीन हैं। गैर-अमेरिकी व्यक्ति या सत्त्व जो अन्यथा एफ़सीपीए (FCPA) के अधीन नहीं हैं उस सीमा तक एफ़सीपीए (FCPA) के अधीन हैं जिस सीमा तक वे अमेरिका में किसी भी निषिद्ध गतिविधि के

किसी भी हिस्से को करते हैं। एक अमेरिकी सार्वजनिक रूप ट्रेड की जाने वाली कंपनी के रूप में कंपनी की प्रतिष्ठा, और कंपनी के परिचालन विस्तार और प्रबंधन दर्शन को देखते हुए, मान लिया जाना चाहिए कि एफ़सीपीए (FCPA) कंपनी के सभी संचालनों और कर्मचारियों पर लागू होता है।

<u>अधिकारी।</u> रैंक या पोजीशन की परवाह किए बिना, किसी भी विदेशी अधिकारी को मूल्य की किसी चीज के भुगतानों पर एफ़सीपीए (FCPA) लागू होता है। एफ़सीपीए (FCPA) के प्रयोजनों के लिए, विदेशी अधिकारियों में संघीय, राज्य, प्रांतीय, काउंटी, नगर निगम और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर किसी भी सरकार के इसी तरह के अधिकारियों के सभी स्तर शामिल हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा किसी सरकार द्वारा स्वामित्व वाले, नियंत्रित, या संचालित किसी वाणिज्यिक उद्यम के अधिकारियों के सभी स्तर भी शामिल हैं। इसी तरह, एफ़सीपीए (FCPA) के प्रयोजनों के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, यूरोपीय संघ, विश्व बैंक और अन्य इसी तरह के संगठनों जैसे सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि विदेशी अधिकारी माने जाते हैं।

<u>तृतीय पक्ष और ज्ञान।</u> एफ़सीपीए (FCPA) बिचौलियों के माध्यम से भ्रष्ट प्रस्तावों, वादों और भुगतानों पर प्रतिबंध लगाता है। इसलिए, एफ़सीपीए (FCPA) द्वारा आवृत व्यक्ति और संस्थाएँ विदेशी अधिकारियों को अप्रत्यक्ष प्रस्तावों, भुगतानों के वादों, या भुगतानों के लिए उत्तरदायी हैं यदि इस तरह के प्रस्ताव, वादे या भुगतान किसी एजेंट, संयुक्त उद्यम के साझेदार या अन्य तृतीय पक्ष बिचौलियों के माध्यम से इस ज्ञान के साथ किए जाते हैं कि कोई विदेशी अधिकारी अंतिम प्राप्तकर्ता होगा। ज्ञान में उन तथ्यों की जानबूझ कर की गई उपेक्षा और सुविचारित अज्ञानता शामिल है जो एक उच्च संभावना का संकेत करते हैं कि प्रासंगिक भुगतान होगा। भुगतान में मूल्य की किसी चीज का हस्तांतरण शामिल है।

<u>अनुमत भुगतान।</u> एफ़सीपीए (FCPA) विदेशी अधिकारियों को या के लाभ के लिए भुगतानों की तीन संकीर्ण श्रेणियों का वर्णन करता है जो अनुमेय हैं: (1) ऐसे भुगतान जो प्रासंगिक देश के लिखित कानूनों और विनियमों के तहत वैध हैं; (2) ऐसे भुगतान जो किसी विदेशी अधिकारी द्वारा या की ओर से किए गए किसी उचित और प्रामाणिक व्यय का गठन करते हैं; और (3) कोई रूटीन सरकारी कार्रवाई सुरक्षित करने के लिए निम्न स्तर के सरकारी अधिकारियों को किए गए छोटे भुगतान एफ़सीपीए (FCPA) द्वारा आवृत नहीं हैं। रूटीन सरकारी कार्रवाई में नया व्यापार प्रदान करने के लिए या किसी विशेष व्यक्ति या सत्त्व के साथ व्यापार जारी रखने के लिए किसी विदेशी अधिकारी द्वारा कोई भी निर्णय शामिल नहीं है।

कंपनी के किसी भी सदस्य द्वारा या की ओर से किसी भी विदेशी अधिकारी को कोई भी भुगतान या भुगतान का वादा तब तक इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि यह उपरोक्त प्रावधान

के अनुसार अनुमत है जब तक कि ऐसा भुगतान या वादा ऐसे भुगतानों के लिए मैनुअल में निर्दिष्ट प्रक्रियाओं के अनुसार अनुमोदित नहीं किया गया हो।

दंड। एफ़सीपीए (FCPA) रिश्वतखोरी प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को पाँच साल तक का कारावास हो सकता है और $100,000 तक के जुर्माना के अधीन हैं। एफ़सीपीए (FCPA) के उल्लंघन के लिए किसी नियोक्ता को जुर्माने की प्रतिपूर्ति करने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा, एफ़सीपीए (FCPA) का उल्लंघन करने वाले कंपनी के कर्मचारियों को न्यायसंगत हेतुक (for cause) अपना रोजगार समाप्त करवाने की अपेक्षा करनी चाहिए। स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में कंपनी के लिए सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यक्तियों या सत्त्वों को न्यायसंगत हेतुक (for cause) इसी तरह से अनुबंध के अनुसार कंपनी द्वारा प्रदान किए गए किसी भी लाभ को निलंबित करवाने और अपना अनुबंध समाप्त करवाने की अपेक्षा करनी चाहिए यदि वे एफ़सीपीए (FCPA) का उल्लंघन करते हैं। कंपनी या कंपनी का प्रासंगिक सदस्य किन्हीं भी हानियों को जो इसे एफ़सीपीए (FCPA) के उल्लंघन के परिणामस्वरूप भुगतनी पड़ती हैं निषिद्ध गतिविधि करने वाले व्यक्ति या संस्था से प्रतिपूर्ति करने की सक्रिय रूप से माँग करेगा।

ओईसीडी संविद (OECD Convention) के तहत अपेक्षाएँ। ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन विदेशी सार्वजनिक अधिकारियों की रिश्वतखोरी पर निषेध लगाने वाले और परिशुद्ध बहीयाँ, अभिलेख, और वित्तीय ब्यौरे के प्रकटन बनाने ओर रखने का विनियमन करने वाले कानून बनाने की ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ता देशों से अपेक्षा करता है।

(a) **ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन विषय-क्षेत्र।** एफ़सीपीए (FCPA) की तुलना में ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन व्यापक है क्योंकि यह व्यापार को प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए या किसी अन्य अनुचित उद्देश्य के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए भुगतानों को आवृत करता है और सुविधाकारी भुगतानों की अनुमति नहीं देता है। उसके साथ-साथ, यह एफ़सीपीए (FCPA) की तुलना में अधिक संकीर्ण है क्योंकि विदेशी सार्वजनिक अधिकारी की अपनी परिभाषा के भीतर यह राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों को शामिल नहीं करता है (यानी, यह उनके लिए भुगतान का निषेध नहीं करता है)।

(b) **क्षेत्राधिकार।** हस्ताक्षरकर्ता देशों के लिए ओईसीडी (OECD) कन्वेंशनः (1) विदेशी सार्वजनिक अधिकारी की रिश्वतखोरी जो हस्ताक्षरकर्ता देश में होती है इस बात की परवाह किए बिना कि क्या दोषी पक्ष उस देश का एक नागरिक है; और (2) विदेश में की गई विदेशी सार्वजनिक अधिकारी की रिश्वतखोरी के लिए इसके नागरिकों; पर व्यापक अधिकार क्षेत्र स्थापित करने की अपेक्षा करता है। अमेरिका ने ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन के अनुसार अधिक व्यापक अधिकार क्षेत्र स्थापित करने के लिए 1998 में एफ़सीपीए (FCPA) में संशोधन किया।

(c) **<u>अन्य ओईसीडी (OECD) दिशानिर्देश</u>।** ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन के अलावा, ओईसीडी (OECD) ने बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए दिशानिर्देशों को अपनाया है जो उत्तरदायी व्यापार आचरण के लिए अनुशंसाओं को समाविष्ट करता है। अनुशंसाओं में से एक है कि बहुराष्ट्रीय उद्यम निम्नलिखित द्वारा रिश्वतखोरी से लड़ें :

- रिश्वत नहीं दे कर;
- एजेंटों के साथ उचित संबंध सुनिश्चित कर;
- गतिविधियों को पारदर्शी और खुला बना कर;
- कर्मचारियों के लिए कंपनी की नीतियों का प्रकाशन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्थापना करके;
- रिश्वतखोरी को हतोत्साहित करने के लिए प्रबंधन पर नियंत्रण अपनाने और परिशुद्ध बुककीपिंग की अपेक्षा कर; और
- अवैध राजनीतिक योगदान नहीं दे कर।

<u>यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम के तहत अपेक्षाएँ</u>। ब्रिटेन रिश्वतखोरी अधिनियम चार अपराधों का निर्माण करता :

- रिश्वत प्रस्तावित करने और प्राप्त करने को आवृत करने वाले दो सामान्य अपराध
- किसी विदेशी सार्वजनिक अधिकारी को घूस देने का एक अलग अपराध
- रिश्वतखोरी रोकने में नाकाम रहने का एक निगम (कॉर्पोरेशन) अपराध

निगमों के लिए एक मात्र उपलब्ध बचाव "रिश्वतखोरी रोकने के लिए पर्याप्त प्रक्रियाओं का यथास्थान" होना है। पर्याप्त प्रक्रियाओं को क्या गठित करता है इसके लिए व्याख्या अपेक्षित है। **इस** व्याख्या में न्याय मंत्रालय और अभियोग चलाने वाले प्राधिकरणों द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शन के **छह सिद्धांतों** का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए।

न्याय मंत्रालय के मार्गदर्शन द्वारा आवृत छह सिद्धांतों को निम्नानुसार संक्षिप्त किया जा सकता है :

1. <u>आनुपातिक प्रक्रियाएँ।</u> रिश्वतखोरी रोकथाम प्रक्रियाएँ : (a) सामना किए जा रहे जोखिम और व्यापार के आकार और जटिलता की आनुपातिक और (b) स्पष्ट,व्यावहारिक, सुलभ होनी, उचित प्रकार से कार्यान्वित और लागू की जानी चाहिए।
2. <u>शीर्ष-स्तरीय प्रतिबद्धता।</u> शीर्ष-स्तरीय प्रबंधन को : रिश्वतखोरी की रोकथाम के लिए बोर्ड स्तर पर उत्तरदायित्व लेना चाहिए और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण-असहिष्णुता की संस्कृति को पोषित करना चाहिए।
3. <u>जोखिम मूल्यांकन।</u> जोखिम मूल्यांकन में : आंतरिक और बाह्य दोनों जोखिमों पर विचार करना चाहिए और इन्हें समय-समय पर निष्पादित और प्रलेखित करना चाहिए।
4. <u>सम्यक् तत्परता (Due diligence)।</u> सम्यक् तत्परता : (a) व्यापार के लिए या की ओर से प्रदर्शन करने वाले पक्षों पर संचालित की जानी चाहिए; और (b) आनुपातिक और जोखिम-आधारित होनी चाहिए।
5. <u>सम्प्रेषण।</u> सम्प्रेषण और प्रशिक्षण में : (a) सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि रिश्वतखोरी रोकथाम नीतियाँ और प्रक्रियाएँ व्यापार भर में अंतःस्थापित हैं और समझी जाती हैं; और (b) बाह्य सम्प्रेषण और एक सुरक्षित, गोपनीय और सुलभ "खुल कर कहना (speak up)" प्रक्रिया शामिल हो सकती हैं।
6. <u>निगरानी और समीक्षा।</u> नियमित निगरानी और समीक्षा में : वर्तमान रिश्वतखोरी रोकथाम प्रक्रियाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करना चाहिए और आवश्यक सुधारों को पहचानना और कार्यान्वित करना चाहिए।

<u>**शिक्षा और निगरानी।**</u> कंपनी प्रबंधन अंतर्रराष्ट्रीय संचालनों में शामिल कंपनी के निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, कानूनी विभाग में काम करने वाले वकीलों या कंपनी के कोष पर नियंत्रण वाले या कंपनी की बहियों और रिकॉर्ड को प्रभावित करने वाले लेनदेनों को रिकॉर्ड करने के लिए उत्तरदायी लोगों, और साथ ही मैनुअल में निर्धारित किए गए कुछ प्रतिनिधियों को भ्रष्टाचार विरोधी शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम, और कंपनी के सभी सत्त्वों, कर्मचारियों, अधिकारियों, प्रबंधकों और प्रतिनिधियों द्वारा इस नीति के अनुपालन की सक्रिय रूप से निगरानी के लिए एक कार्यक्रम को कार्यान्वित करेगा और बनाए रखेगा। उन कार्यक्रमों के विवरण मैनुअल में निर्दिष्ट हैं। कंपनी के निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी, और प्रतिनिधि आवधिक रूप से एफ़सीपीए (FCPA), ओईसीडी (OECD) कन्वेंशन, और इस नीति का अनुपालन प्रमाणित करेंगे।

<u>**और अधिक जानकारी।**</u> यह नीति महत्वपूर्ण भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों और मुद्दों का सारांश प्रदान करती है, लेकिन विशिष्ट प्रश्नों और मुद्दों पर अतिरिक्त विवरण उपलब्ध है। नीति या मैनुअल के बारे में कोई भी प्रश्न मैनुअल में निर्धारित अनुपालन अधिकारियों को निर्देशित किया जाना चाहिए।